फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर

धर्मेन्द्र बनाम उपखण्ड अधिकारी जोबनेर व अन्य

केस संख्या : 118/2025 (मुन्तकिल प्रार्थना पत्र)

दिनांक आज्ञा विवरण कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष
03.02.2025	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित है। प्रार्थी अधिवक्ता ने अवगत कराया है कि उपखण्ड अधिकारी जोबनेर के पीठासीन अधिकारी श्री मुकुट सिंह आर.ए.एस. का अन्यत्र स्थानानतरण हो गया है। प्रार्थी के अधिवक्ता को गौर से सुना गया। पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया गया । प्रार्थी ने उपखण्ड अधिकारी जोबनेर के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 58/2024 ब उनवानी दातार सिंह बनाम धर्मेन्द्र व अन्य में पीठासीन अधिकारी श्री संजय गोयल आर.ए.एस. से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को अन्यत्र सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। उपखण्ड अधिकारी जोबनेर के पीठासीन अधिकारी श्री मुकुट सिंह आर.ए.एस. का अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से प्रार्थी द्वारा उनके विरूद्व प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभाव शुन्य (Infructuous) हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। (डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी) जिला कलक्टर जयपुर	

Scanned with OKEN Scanner